an>

Title: Need to defer the proposed decision of extending Pokharan Field firing range and to construct the same at Sahagarh Bulj, Jaisalmer in Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : मैं सरकार का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र जोधपुर की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र जोधपुर में पोखरण फील्ड फाईरिंग रेंज जो कि एशिया की सबसे बड़ी रेंज आई हुई है और युद्धाभ्यास की भूमि है। 40 वर्ष पूर्व जब इस रेंज का निर्माण किया गया तब छोटे बड़े लगभग 20 गांव खाली करवाये गये। आज ब्रह्मोस से लेकर टैंक तक सबका परीक्षण व अभ्यास इस रेंज में होता है। जब भी बड़े स्तर पर युद्धाभ्यास हुआ है चाहे वो आपरेशन ब्लूस्टार हो या आपरेशन विजय हमेशा ही हमारे गांवों में खड़ी फसलों को बेदर्दी से रौंदा है पर हम वीर प्रसूताओं और सेनानियों की धरती से आये हैं, हमने कभी उफ तक नहीं किया है।

अब एक बार फिर इस रेंज का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है, और एक बार पुनः सीमावर्ती क्षेत्र के कई गांवों को पुनः विस्थापन का भय सताने लगा है।

एक बार विस्थापन होने पर दो पीढ़ियां केवल पुनर्स्थापन व पुनः मुख्य धारा में आने में ही खप जाती है। पिछली बार जब विस्थापन हुआ तो हमारे गांव खाली करवाये गये और उन्हें जहां पुनर्स्थापित किया गया अब वहीं जमीन वापस लिये जाने की योजना है। पशुपालन हमारी आजीविका का मुख्य साधन है हमारी हजारों बीघा जमीन वापस लिये जाने की योजना है। पशुपालन हमारी आजीविका का मुख्य साधन है हमारी हजारों बीघा जमीन जाने के बाद पहले ही हमारे पास चारगाहों की कमी है और ऐसे में दूसरा विस्थापन हमारे गौवंश के लिए भी काल का ग्रास बनने वाला है।

शाहगढ़ बल्ज जैसलमेर में लाखों बीघा जमीन निर्जन पड़ी है तथा वहां रेंज बनाने की योजना पहले ही बन चुकी है। किन्तु निर्जन क्षेत्र को छोड़कर खून पसीने से सींच कर पिछले 40 सालों में तैयार किये गई नहरों से सिंचित खेतों की जमीन को रेंज के लिए अधिगृहित करने की योजना हमारे लिए विनाशकारी होगी।